# सृष्टि चक्र

ओं इत्येकाक्षरं ब्रह्म

ॐ हिरण्यगर्भ: समवर्तताग्रे भूतस्य जात: पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् कस्मै देवाय हविषा विधेम!

डी.ए.वी.पी. (भारत सरकार) द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322

डाक पंजीयन संख्या: यू.ए./डी.ओ./दे.दून/291/2024-26


वर्ष-19 अंक-47 साप्ताहिक हरिद्वार (उत्तराखण्ड) बृहस्पतिवार 15 मई 2025 पृष्ठ-4 मूल्य 1 रूपया


## ग्रीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अनूठी पहल

**यात्रा मार्ग पर 25 स्थानों पर मिल रही ई चार्जिंग की सुविधा**

अमित गुप्ता

देहरादून। चारधाम यात्रा को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए, प्रदेश सरकार ने इस यात्रा सीजन से 25 स्थानों पर ई व्हीकल चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी है। इससे यात्रा में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार चारधाम यात्रा को ग्रीन यात्रा की थीम पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग (28)और टीएचडीसी (10)के सहयोग से चारधाम यात्रा मार्ग पर 38 ई व्हीकल चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। इसमें से यात्रा शुरू होने तक 25 स्टेशन शुरु किए जा चुके हैं, जहां यात्री आसानी से अपने ई व्हीकल को चार्ज




करवा रहे हैं। ज्यादातर चार्जिंग स्टेशन जीएमवीएन की प्रापर्टी में स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक स्टेशन पर 60 किलोवाट क्षमता के यूनिवर्सल चार्जर लगाए गए हैं, जिनमें 30-30 किलोवाट की दो चार्जिंग गन शामिल हैं। जीएमवीएन के एमडी विशाल मिश्रा ने बताया कि ग्रीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने के लिए मुख्य पड़ावों पर ई-चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है, ताकि यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित हो सकें। अकेले जनपद रुद्रप्रयाग में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित चार जीएमवीएन गेस्ट हाउसों पर चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है।*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप इस वर्ष चारधाम यात्रा को हरित यात्रा के रूप में आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं भव्य कुंभ मेला आयोजन की रहेगी प्राथमिकता : सोनिका

**श्रीमती सोनिका ने मेला अधिकारी कुंभ का किया पदभार ग्रहण**



वाणी

हरिद्वार। शासन के निर्देशों के क्रम में श्रीमती सोनिका ने मेला अधिकारी कुंभ हरिद्वार का पदभार ग्रहण किया। मेला नियंत्रण भवन (सीसीआर) में प्रेस से वार्ता करते हुए कहा कि आगामी कुंभ का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां की जा रही हैं जिसके लिए केन्द्र सरकार के दिशा निर्देशन में शासन स्तर एवं जिला स्तर पर कई महत्वपूर्ण बैठके आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ को सुव्यवस्थित एवं भव्यता के साथ आयोजन करने के लिए सभी आवश्यक तैयारिया की जा रही है जिसमें मुख्यत: सुरक्षा के दृष्टिगत, पार्किंग, यातायात एवं साफ सफाई के लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है जिसके लिए सभी के सुझाव भी लिए जाएगें, ताकि व्यवस्था सुव्यवस्थित तरीके से की जा सके। उन्होंने कहा का कुम्भ मेले के सफल आयोजन हेतु सभी से समन्वय करते हुए कार्य किए जाएगें। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप ही निर्माण कार्य कराएं जाएगें।

## प० काशीनाथ मिश्र ने कहा, विश्वयुद्ध होकर रहेगा

डॉ हिमांशु द्विवेदी

हरिद्वार। उड़ीसा के जगन्नाथ धाम से हरिद्वार पहुंचे पंडित काशीनाथ मिश्र ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू होते हुए दावा किया कि विश्व युद्ध होकर रहेगा। जिसमें पाकिस्तान का साथ अमेरिका और अन्य मुस्लिम देश देंगे। चीन भी भारत के खिलाफ युद्ध में मोर्चा खोलेगा और विश्व युद्ध 2032 तक चलेगा तथा इसी समय भगवान कल्कि का अवतार होगा। इसी के साथ दुनिया में सनातन का परचम भी लहराएगा। उनके द्वारा लिखित भविष्य पुराण पर आधारित पुस्तक भविष्य मालिका जो कि गत वर्ष ही लिख दी गई थी उसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि 7 मई 2025 को भारत-पकिस्तान का युद्ध होगा। जो बाद में विश्व युद्ध में परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि तेरह मुस्लिम देशों के साथ अमेरिका भी भारत का विरोधी बनेगा। रूस इसमें भारत की मदद करेगा जापान जर्मनी और फ्रांस भी मानसिक रूप से भारत की मदद करते रहेंगे।


## बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रदेश और देश के स्तर पर बढ़ा रहे हरिद्वार का मान : मदन कौशिक

अमित गुप्ता

हरिद्वार। सब जूनियर अंडर 14 जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बालिका वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल जगजीतपुर और बीएमएल मुन्जयाल स्कूल ने संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में डीपीएस रानीपुर और अचीवर स्कूल ने संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त किया जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो कुल 5 दिन चली जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हरिद्वार जैसे शहर से प्रदेश और देश स्तरीय बास्केटबॉल खिलाड़ी निकल रहे हैं निश्चित रूप से यह हरिद्वार के लिए सौभाग्य का विषय




है उन्होंने कहा कि भविष्य में उनकी ओर से बास्केटबॉल के सभी खिलाड़ियों को सकारात्मक सहयोग हमेशा रहेगा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि हरिद्वार नगर निगम की महापौर श्रीमती किरण जैसल ने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है वहीं वे एक लक्ष्य को लेकर जीवन में आगे बढ़ते हैं उन्होंने सभी विजेता और उप -विजेता टीम के खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं और बधाई दी।शिवडेल स्कूल के संस्थापक स्वामी शरद पुरी ने भी खिलाड़ियों का आशीर्वाद देते हुए कहा की लंबे समय से वह जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन से जुड़े रहे हैं और आज उन्हें इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखकर अपार हर्ष हो रहा है उन्होंने प्रतियोगिता में आए हुए सभी बच्चों को और उनके अभिभावकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चे आगे बढ़े वह हमेशा उन बच्चों और उनके परिवारों के साथ हैं। उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ने कहा की लगातार 5 दिन हुए इन मैचों में डे नाइट मैच खेले गए बालक वर्ग में कुल 14 टीमों ने प्रतिभा किया वहीं बालिका वर्ग में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने भी इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों को और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की ज्योति में जीती है उनको भी बधाई ।



## सम्पादकीय

### सीज फायर

भारतीय सेना ने वह कर दिखाया जिसकी किसी ने भी कल्पना नही की थी। हमारी सेना ने दुनिया को दिखा दिया की भारत की ताकत कितनी है। पाकिस्तान को उसके घर में घुस कर सेना ने जिस तरह से उसकी पिटाई की है उसकी गूंज उसे हमेशा सुनाई देती रहेंगी। तभी तो उसने चंद घंटों में ही अपने घुटने टेक दिए। भारत पर पाकिस्तानी सेना की गीदड़ भभकी का कोई असर नहीं पड़ा। पाकिस्तानी सेना और उसकी निकम्मी सरकार बात-बात में भारत को न्यूक्लियर बम की खोखली धमकी देते रहे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके उलट सेना को खुली छूट दे रखी थी। तभी तो पाकिस्तानियों को हर बार की तरह इस बार भी मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तानियों के झूठ का गुब्बारा टॉय-टॉय फिस हो गया। उस पर रही सही कसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम अपने जोशीले और सारगर्भित संबोधन ने पूरी कर दी। सीज फायर की घोषणा के बाद मोदी ने देश के दुश्मन पाकिस्तान के साथ ही दुनिया को भी यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि भविष्य में किसी भी तरह का भारत पर हुआ आतंकी हमला युद्ध माना जायेगा और भारत अब किसी भी न्यूक्लियर धमकी से ब्लैकमेल नहीं होगा। आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेंगे और भारत ने जो कहा वह करके भी दिखा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पाक फौजियों को भी बता दिया कि अब पाक में भी आतंकी संगठनों को चैन की सांस लेने के लिए पाताल में भी जगह नहीं मिलेगी। अब हम आतंकियों को कोई मौका नहीं देंगे। उधर से गोली चलेगी तो हम गोला दागेंगे। ऑपरेशन सिंदुर की धमक से पूरा पाकिस्तान दहला हुआ है। इस समय हमारी सेना का मनोबल काफी हाई है। यह मोदी के पंजाब में आदमपुर वायुसेना के अड्डे पर दिए गए संदेश से स्पष्ट हो जाता है। तभी तो आज मैदान से मिशन तक भारत माता की जय का उदघोष गुंजायमान हो रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के लिए रेखा आर्या ने किया गंगा पूजा

अमित गुप्ता

हरिद्वार। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने धर्मनगरी हरिद्वार में आतंक के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मां गंगा की आरती की। आरती के बाद मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने मां गंगा से ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता की कामना की है। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर सेना के अधिकारी व सैनिक, पाकिस्तान के हर दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब दे रहे हैं और पिछले तीन दिनों में पूरी



दुनिया ने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कितना मजबूत है। हमारी सेना ने न सिर्फ पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों को नष्ट किया बल्कि उसके बाद पाकिस्तान की सेना ने जो भी दुस्साहस करने की कोशिश की उसे नाकाम किया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उन्होंने मां गंगा से देश के बहादुर सपूतों की सफलता का आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान में हमारे देश की महिलाएं बहुत बड़ी भूमिका निभा रही है और इसके जरिए पूरी दुनिया में संदेश गया है कि हमारे देश की महिलाएं कितनी सशक्त है।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के. विक्रम राव का हुआ निधन

एस . गुप्ता

लखनऊ । डॉ. के. विक्रम राव वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष का लखनऊ में निधन हो गया। वे सांस संबंधी समस्या से पीड़ित थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम साँस ली। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए 703, पैलेस कोर्ट अपार्टमेंट, निकट कांग्रेस कार्यालय, मॉल एवेन्यू, लखनऊ में रखा गया है। उत्तराखण्ड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अविक्षित रमन, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ रजनीकान्त शुक्ल, प्रांतीय महासचिव प्रयाग पाण्डेय, जिलाध्यक्ष संजय आर्य, महासचिव अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी सहित अन्य पत्रकार यूनियनों के साथियों ने डॉ के. विक्रम राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अचानक यूं चले जाना पत्रकार जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ योग व आयुर्वेद के प्रति जागरूकता जरूरी : डॉ. अवनीश उपाध्याय



- हरिद्वार में 20 से अधिक विद्यालयों में योग व निबंध प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई असाधारण प्रतिभा
- हिफाज़त, आरिश, चांदनी, माहि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव
- हरिद्वार बना बाल प्रतिभाओं और योग-जागरूकता का केंद्र

विशाल रस्तौगी।

हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की श्रृंखला के क्रम में, जनपद हरिद्वार में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत जिला स्तरीय निबंध एवं योग भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 20 से अधिक स्कूलों में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी लेखन और वक्तृत्व कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह आयोजन विभिन्न विद्यालयों एवं क्षेत्रों में संपन्न हुआ, जिनमें रुड़की स्थित आर्य कन्या इंटर स्कूल में निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत मानवी शर्मा प्रथम, शालिनी सैनी द्वितीय और हुड्डा तृतीय स्थान पर रहीं। डाढा जलालपुर क्षेत्र से आरिश, भूमिका सैनी और तानशी क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। लंढौरा में राजीव नवोदय विद्यालय, शिकरपुर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छवि कटारिया, आयुषी वर्मा, और हर्षिका कश्यप ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। योग भाषण प्रतियोगिता में भी बच्चों का जोश देखते ही बनता था। आर्य कन्या इंटर स्कूल, रुड़की में हिफाज़त, राधिका और सान्या ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। गणेशपुर स्थित कन्या पाठशाला की पहली टीम में चांदनी, फलक, वैशाली, और दूसरी टीम में माहि, प्रियांशी गौतम, प्रज्ञा विजयी रहीं। कार्यक्रम में स्कूलों के प्रधानाचार्य, ग्राम प्रधानों, और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बतौर अतिथि भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और योग की महत्ता, भारतीय परंपरा में उसकी भूमिका, तथा आधुनिक जीवन में योग की उपयोगिता पर प्रेरक वक्तव्य दिए। राष्ट्रीय आयुष मिशन, हरिद्वार के नोडल अधिकारी डॉ. अवनीश उपाध्याय और जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और संस्कृति के प्रति युवाओं को जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है। डॉ. आरती पाठक, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. विक्रम रावत, डॉ. अंकुर सैनी, डॉ. अश्वनी कौशिक, और डॉ. पूजा रॉय ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया। डॉ. आरती पाठक ने कहा, इस आयोजन के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों को मंच मिला, बल्कि योग एवं आयुर्वेद के प्रति गहरी समझ विकसित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। यह आयोजन हरिद्वार जिले में योग, आयुर्वेद और सांस्कृतिक शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम सिद्ध हुआ।

# हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने लगाया सुशासन कैम्प



अमित कुमार

हरिद्वार। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार के सुशासन हेतु सरलीकरण समाधान, निस्तारण तथा संतुष्टि के मन्त्र के अन्तर्गत हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा समस्त प्रकार के एकल आवासीय भवनों तथा 75 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड क्षेत्रफल के व्यवसायिक भवनों के मानचित्र स्वीकृति हेतु सुशासन कैम्प के आयोजन के क्रम में षष्टम् कैम्प बहादराबाद ब्लाक तथा मुख्यालय-हरिद्वार में किया गया। सुशासन कैम्प में विगत कैम्प के लम्बित 28 भवन मानचित्र सहित कुल 65 भवन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 57 आवासीय भवन मानचित्र तथा 08 व्यवसायिक भवन मानचित्र है। प्राप्त 65 मानचित्र आवेदन पत्रों में से कुल 39 मानचित्र आवेदन जिसमें 31 आवासीय मानचित्र तथा 08 व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत किये गये। इस प्रकार अब तक कुल 446 भवन मानचित्र आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 386 आवासीय तथा 60 व्यवसायिक श्रेणी के मानचित्र आवेदन है। प्राप्त कुल आवेदन पत्रों में से 371 भवन मानचित्र स्वीकृत किये गये, जिसमें 313 आवासीय भवन मानचित्र तथा 58 व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत किये गये। प्रथम कैम्प दिनांक 30.04.2025 से षष्टम् कैम्प दिनांक 13.05.2025 तक मानचित्रों की स्वीकृति आदि से कुल 736.62 लाख की आय प्राप्त हुयी है। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कैम्पों का निरीक्षण किया गया तथा कैम्पों में आये नागरिकों/आवेदकों से उनकी समस्याओं आदि पर चर्चा करते हुए कठिनाईयों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही सुशासन कैम्प के सफल आयोजन पर संतुष्टि व्यक्त की गयी।

# जनहित कार्यों में शिथिलता नहीं होनी चाहिए: रावत

अमित गुप्ता

हरिद्वार। लोक सभा सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में मेला नियन्त्रण कक्ष सीसीआर के सभा कक्ष में जिला विकास समन्व्य एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जल कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई तथा पूर्व बैठक में दिए गये निर्देशों में की गई कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा करते हुए सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उन योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुँचाने के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ धरातल पर कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का लाभ आम जनमानस तक पहुंच सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के आभाव में कोई भी जन कल्याणकारी योजना बाधित नहीं होनी चाहिए। सड़क मार्गो की समीक्षा करते हुए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके अधीन जो भी सड़क निर्माण के कार्य किये जा रहे है उन कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें जथा जन प्रतिनिधियों द्वारा जो समस्याएं बताई गई है उन समस्याओं पर तत्परता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें और साथ ही निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में



जल भराव की स्थिति हो रही है ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी के लिए उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए तथा नालियों की सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिए ताकि आम जनमानस को जल भराव की समस्या से परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की जिन कार्यो में समिति का गठन किया जाना है उन कार्य के लिए समिति का गठन करते हुए विकास कार्यो को प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। जल निकासी के लिए नालियों की साफ सफाई व्यवस्था वर्षा ऋतु से पूर्व करवा ली जाए जिससे आम जनता को जल भराव का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए साफ सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंधन करना सुनिश्चित करें तथा डेंगू एवं मलेरिया की रोक थाम के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को फैक्ट्रियों से निकलने वाले कैमिकल के उचित प्रबंधन के निर्देश दिए। उन्होंने इंडस्ट्रियल ऐरिया में सम्बंधित फैक्ट्री संचालक के साथ बैठक आयोजित करते हुए फैक्ट्रियों से निकलने वाले वेस्ट मैटेरियल का उचित प्रबंधन के निर्देश दिए। पेयजल की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल निगम एवं जल संस्थान के अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत जिन गांवो में पेयजल कनेक्शन नहीं करवाए गये हैं उनमें पेयजल कनेक्शन करवाते हुए प्राथमिकता से पुष्टि करना सुनिश्चित करें, जिन क्षेत्रों में जन प्रतिनिधियों द्वारा पेयजल की समस्या से अवगत कराया जा रहा है उन क्षेत्रों में प्राथमिकता से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए। विद्युत्त विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि विद्युत्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश

- केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध हो इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें : सांसद
- जलभराव क्षेत्रों में जल निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम किये जाए।
- पेयजलग्रस्त क्षेत्रों में प्राथमिकता से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए

दिए है कि जिन गांवों में हाई टेंशन विद्युत्त लाइने परिवर्तित की जानी है उनका प्राथमिकता से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्हेंने लो वोल्टेज वाले क्षेत्रों में भी विद्युत्त व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए इसके साथ अनावश्यक विद्युत्त कटौती न की जाए यदि कोई विद्युत्त मरम्मत कार्य किया जाता है तो इसके लिए आम जन मानस को सूचित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बाड़ गंगा नदी की साफ सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए तथा बाण गंगा में मछलियों के प्रबंधन के निर्देश दिए जिसके लिए मत्स्य विभाग एवं सिचाईं विभाग को तालाब बनाने के निर्देश दिए इसके साथ मनरेगा के तहत छोटे छोटे तालाब बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से सम्बन्धित समस्याए रखी गई। बैठक में जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने मा. सांसद को आश्वत किया कि उनके द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गये है उनका सम्बंधित विभागों से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। वही सांसद का जनपद आगमन पर मुख्य विकास अधिकारी आंकाक्षा कोण्डे ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सचिव ग्राम विकास राधिका झा द्वारा जनपदों में बैठकों मीटिंग में स्वयं सहायता समूहों द्वारा ऑफिसियल केटरिंग का कार्य करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की मीटिंग में राधा स्वामी स्वयं सहायता समूह नूरपूर पंचनहेड़ी द्वारा केटरिंग कार्य किया गया। समूह की अध्यक्षा विमला जोशी के साथ अन्य समूह की महिलाओं द्वारा सहयोग दिया गया। राष्ट्रीय खेल आयोजन में भी इसी समूह द्वारा केटरिंग कार्य किया गया था। सभी लोगों द्वारा भोजन की गुणवत्ता की सराहना करते हुए समूह की तरक्की की कामना की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर किरन जैसल, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, विरेन्द्र जाती, मौ. शहजाद, कॉजी निजामुद्दीन, ममता राकेश, प्रदीप बत्रा, अनुपमा रावम, रवि बहादुर, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य शिक्षाधिकारी केके गुप्ता, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह आदि उपस्थित थे।

# प्रेस क्लब ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




अमित गुप्ता

हरिद्वार। प्रेस क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रैस क्लब सभागार में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मेदांता हॉस्पिटल नोयडा ग्रुप की चिकित्सा टीम ने पत्रकारों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। चिकित्सा जांच शिविर का उद्घाटन हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष सिंह, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने फीता काटकर किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों फिजिशियन डा.सैफ रहमान, डा.रमन यादव, डा.अनूप नेगी, डा.गुंजन, डा.दीक्षा ने 1०8 पत्रकारों व उनके परिजनों की बीपी, शुगर, बीएमडी, ईसीजी, पीएफटी आदि की जांच की। एचआरडीए के सचिव मनीष सिंह ने कहा कि भागदौड़ वाले इस जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता

- एचआरडीए सचिव मनीष सिंह, एसपी क्राईम जितेंद्र मेहरा, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी व महामंत्री दीपक मिश्रा ने किया शिविर का उद्घाटन
- मेदांता अस्पताल नोएडा ग्रुप के चिकित्सकों ने 1०8 पत्रकारों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच
- पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेदांता अस्पताल के साथ करार पर विचार विमर्श जारी : धर्मेन्द्र चौधरी

है। छोटी से छोटी बीमारी का इलाज समय रहते किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं। एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा ने कहा कि पत्रकार पुलिस एवं विभिन्न क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे लोगों को स्वास्थ्य जांच अवश्य करानी चाहिए। शरीर स्वस्थ रहेगा तो बेहतर तरीके से अपने काम को अंजाम दिया जा सकता है। चिकित्सा शिविर अवश्य ही लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। पुलिस विभाग द्वारा भी जवानों की स्वास्थ्य जांच के लिए समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि प्रेस क्लब के माध्यम से सकारात्मक पत्रकरिता के साथ समाज के प्रति दायित्व का निर्वहन भी किया जा रहा है। चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से पत्रकार 24 घंटे समाज हित में योगदान देते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहना जरूरी हैप्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेदांता व प्रेस क्लब के बीच एमओयू किए जाने के लिए विचार विमर्श किया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर जायसवाल, आदेश त्यागी, संजय आर्य, रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि शरीर को रोग मुक्त रखना है, तो स्वास्थ्य जांच जरूरी करानी चाहिए। स्वास्थ्य जांच शिविर के संयोजक डा.शिवा अग्रवाल ने सभी अतिथियों और चिकित्सकों का आभार जताया और कहा कि उचित दिनचर्या और खानपान आदि नियमों का पालन कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। चिकित्सा शिविर के समापन पर श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने पत्रकारों को गंगाजली एवं प्रसाद भेंट किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने एचआरडीए के सचिव मनीष सिंह व एसपी क्राईम जितेंद्र मेहरा को स्मृति चिन्ह, गंगाजली भेंटकर व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मेदांता नोएडा ग्रुप के मैनेजर अनूप नेगी व नितिन शर्मा, जिला सूचना अधिकारी नदीम अहमद, मनोज गौतम तथा अविक्षित रमन, बृजेंद्र हर्ष, बालकृष्ण शास्त्री, राजेश शर्मा, आदेश त्यागी, कुमकुम शर्मा, डा.शिवा अग्रवाल, डा.प्रदीप जोशी लवकुमार शर्मा, सुदेंह शर्मा, श्रवण कुमार झा, संजय आर्य, अमित कुमार गुप्ता, केपीएस चौहान,नाथीराम सैनी,सुनील पाल, शिवशंकर जायसवाल, राजकुमार, सुमित यश कल्याण, हरीश, सुमित सैनी, सचिन सैनी, पुलकित शुक्ला, वैभव भाटिया, विकास कुमार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की समीक्षा करी



सुशील

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्धन ने सचिवालय में सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की समीक्षा की। बैठक के दौरान सचिव आईटीडीए ने प्रदेशभर में संचालित प्रोजेक्ट्स एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव ने आईटीडीए को मजबूत किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, सिस्टम अपग्रेड करते समय अगले 5-7 सालों की आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि आईटीडीए द्वारा हाईब्रिड मॉडल (एसडीसी और क्लाउड) अपनाने के साथ ही लगातार अपनी क्षमता को बढ़ाया जाए। आईटीडीए को मजबूत करने के साथ ही विभागों द्वारा अपनी वेबसाईट्स एवं ऐप्लीकेशंस को विकसित करने का कार्य आईटीडीए के माध्यम से कराए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभागों को क्लाउड सेवा भी आईटीडीए के माध्यम से उपलब्ध करायी जाए। मुख्य सचिव ने ऐसे विभागों, जिन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए अत्यधिक डाटा संग्रहण करना होता है, द्वारा अपनी अपेक्षित स्टोरेज की आवश्यकता के संबंध में आईटीडीए को अवगत कराया जाए। ताकि आईटीडीए अपेक्षित स्टोरेज क्षमता को परिकलित कर सके। उन्होंने आईटीडीए को अपनी इंस्टीट्यूशनल मैमोरी भी बढ़ाए जाने की बात कही। कहा कि इंस्टीट्यूशनल मैमोरी के होने से किसी विशेषज्ञ के जाने के बाद सिस्टम बंद नहीं होगा।निदेशक नितिका खण्डेलवाल ने बताया कि आईटीडीए द्वारा एसडीसी को वर्ष 2018 में स्थापित किया गया है। एसडीसी 2.0 शीघ्र ही तैयार हो जाएगा जिससे आईटीडीए की डाटा संग्रहण क्षमता बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जनपद और ब्लॉक मुख्यालय स्वान नेटवर्क से 100 प्रतिशत परिपूर्ण हैं। साथ ही, 2036 ऑफिस स्वान नेटवर्क से जुड़े हैं। साईबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में सिस्टम को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। आईटीडीए द्वारा इन-हाउस सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट का कार्य भी बेहतर तरीके से चल रहा है। आईटीडीए द्वारा यूसीसी, पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड, चारधाम डैशबोर्ड, सीएम हेल्पलाईन, ई-ऑफिस एवं अपुणी सरकार पोर्टल को तैयार एवं संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, नितेश कुमार झा, बृजेश कुमार संत एवं अपर सचिव श्रीमती रीना जोशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# एचआरडीए ने विवेक विहार कॉलोनी में अनाधिकृत निर्माण किया सील




ए. गुप्ता

हरिद्वार। आवास विकास परिषद की पूर्णतया आवासीय कॉलोनी विवेक विहार में मकान नंबर 377 को आवास आयुक्त आवास विकास परिषद/ हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने मानचित्र के विपरीत हो रहे निर्माण को बीती शाम सील कर दिया। नोटिस मे दर्शाया गया है कि भवन स्वामी राजेंद्र अग्रवाल को 26 मार्च 2025 को विभाग ने नोटिस दिया था जिस पर राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यालय में उपस्थित होकर बताया था कि नियम विरुद्ध जो भी निर्माण हुआ है उसका शमन कर दिया जायेगा। लेकिन नोटिस के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी रहा और तीन मंजिल भवन खड़ा कर दिया। वहीं बेसमेंट का भी निर्माण किया गया है जबकि आवास विकास परिषद की यह कॉलोनी पूर्णतया आवासीय कॉलोनी है जिसमें भवन की ऊंचाई 9 मीटर से अधिक नहीं हो सकती और भूतल निर्माण नहीं किया जा सकता परंतु वर्तमान मे राजेंद्र अग्रवाल ने भूतल समेत चार मंजिल का निर्माण कर डाला हैवह भी कमर्शियल जो की मानचित्र के पूर्णतया विपरीत है आवास विकास परिषद की कॉलोनी में कमर्शियल निर्माण वर्जित है ना ही उक्त कॉलोनी में भू उपयोग परिवर्तित किया जा सकता है। इससे पूर्व भी विवेक विहार का एक पांच मंजिला भवन विकास प्राधिकरण ने सील किया था जो की आज तक सील है। वैसे तो पूर्व में अनेकों को भवन नियम विरुद्ध बने हुए हैं। देखा देखी लोगो ने घर घर दुकानें निर्माण कर डाली हैं। जो सभी नियम विरुद्ध हैसूत्रों की माने तो विवेक विहार का हरिद्वार विकास प्राधिकरण सामान्य सर्वे करने की तैयारी कर रहा है।नियम विरुद्ध बने बहुमंजली इमारतों पर किसी भी दिन पीला पंजा/ बुल्डोजर चलाया जा सकता है।

# पतंजलि संस्थान ने केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान ( आईसीएआर ) को भेंट की मृदा परीक्षण की ऑटोमेटेड मशीन 'धरती का डॉक्टर'

अमित कुमार

हरिद्वार। पतंजलि संस्थान द्वारा आचार्य बालकृष्ण के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान को मृदा परीक्षण की ऑटोमेटेड मशीन 'धरती का डॉक्टर' उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस मशीन के प्रयोग से न केवल किसानों को अपनी कृषि भूमि की मिट्टी की जांच करने में सहायता मिलेगी, अपितु साथ ही जैविक एवं रासायनिक खेती हेतु आवश्यक उर्वरक प्रयोग के लिए सुझाव भी प्राप्त किए जा सकेंगे। इस अवसर पर भरूआ एग्री साइंस के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को पहले ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रमाणन-पत्र प्रदान किया जा चुका है। इस मशीन के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य के 12 आवश्यक मानकों का परीक्षण किया



जाता है जिसमें मुख्य पोषक तत्व उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश एवं गौण पोषक तत्व बोरॉन, आयरन, जिंक, कॉपर एवं मैंगनीज सम्मिलित हैं। इस मशीन को भारत सरकार द्वारा पेटेंट तथा छ्रश्व-सर्टिफिकेट प्राप्त है। उन्होंने बताया कि इस मशीन को पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षों के व्यापक शोध के बाद विकसित किया गया है जो किसानों के लिए वरदान है। आचार्य जी ने बताया कि इस मशीन के द्वारा सरल विधियों से फसलानुसार उर्वक संस्तुतियाँ रासायनिक, जैविक एवं मिश्रित तीनों प्रकार से प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि धरती का डॉक्टर देश के किसानों तथा भारत सरकार की मृदा स्वास्थ्य योजना के लिए बड़ी उपयोगी मशीन साबित होगी। उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य धरती के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा है। मृदा स्वास्थ्य के लिए 12 पैरामीटर्स हैं जिनके आधार पर मिट्टी की गुणवत्ता निर्धारित की जाती है। हमारी टीम ने इस मशीन पर गहन परीक्षण किया जिसमें पाया गया कि यह देश की ऐसी पहली मशीन है जिसके द्वारा सभी 12 पैरामीटर्स की सटीक जाँच की जा सकती है। इस अवसर पर पतंजलि संस्थान के डॉ. अशोक मेहता ने उपस्थित सभी वैज्ञानिकों का ध्यान पतंजलि संस्थान के द्वारा किसानों के लिए किये जाने वाले निरन्तर प्रयासों की तरफ आकर्षित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान की ओर से डॉ. अरविंद कुमार राय, डॉ. एस.के. सनवाल, श्री डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. पारुल सुंधा, डॉ. प्रियंका चन्द्रा, विभिन्न विभागों विभागाध्यक्ष एवं पतंजलि संस्थान की ओर से डॉ. अशोक मेहता, विक्रांत वर्मा, डॉ. अशुतोष गुप्ता, अशोक कुमार, शिवम कुमार उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित कुमार ने अमर प्रिंटिंग प्रेस, मौहल्ला कड़च्छ, निकट-आईस फैक्टी, ज्वालापुर हरिद्वार से मुद्रित तथा श्री श्याम कुटीर, 29ए, निर्मल विंहार, मिश्रा गार्डन, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)-249408 से प्रकाशित किया।

सम्पादक

**अमित कुमार**

मो. 094120255572

**E-mail.**

guptaamit1968@gmail.com

guptasaransh11@gmail.com

कानूनी सलाहकार

**के.पी.एस.चौहान**

(एडवोकेट)

**पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322**

**डाक पंजीयन संख्या यू.ए./डी.ओ. दे.दून/291/2024-26**

नोट:-समस्त विवादों के लिये हरिद्वार न्याय क्षेत्र ही मान्य होगा सभी पद अवैतनिक है।